तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 जुलाई 2024

11 पार्षदों का चेयरपर्सन को दिया दो दिन का अल्टीमेटम



12 खाली प्लॉट बने परेशानी, बरसात के बाद जलभराव ..



फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
@PPJEWELLERSROHTAK
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P.P. Jewellers®
रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

# मसल्स रिलैक्स करने वाली दवा का नशा कर रहे युवा, टेझोविन के 5,650 इंजेक्शन पकड़े

## ड्रग कंट्रोलर और एनसीबी यूनिट ने मायना का युवक दबोचा, 11 लाख रुपये से ज्यादा है पकड़े गए जखीरे की कीमत

- स्कॉर्पियो गाड़ी में आया था सप्लायर, रिमांड पर खुलेंगे राज
- 43 रुपये का इंजेक्शन नशेड़ियों को देते हैं 200 रुपये में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

बहुअकबरपुर के पास से ड्रग कंट्रोलर और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने टेझोविन के 5 हजार 650 इंजेक्शन बरामद किए हैं। इनकी कीमत 11 लाख रुपये से ज्यादा है। युवक को बीती रात बहुअकबरपुर के पास से गाड़ी सहित पकड़ा है। आरोपी युवक का नाम सुमित है और वह गांव मायना का रहने वाला है। उसे अदालत में पेश किया गया है, रिमांड के दौरान पता चलेगा कि इंजेक्शन कहां से लेकर आया आर कहां सप्लाई करने थे।

फिलहाल सुमित पुलिस को कुछ नहीं बता रहा। दरअसल टेझोविन इंजेक्शन में पेंटाजोसाइन नाम का सॉल्ट होता है, पेंटाजोसाइन एक ओपियड (नारकोटिक) एनालजेसिक है जो दर्द कम करने के लिए मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र पर काम करता है। यह इंजेक्शन इसे लगाने के बाद दर्द का एहसास कम हो जाता है। मसल्स रिलेक्स करने के लिए डॉक्टर इसका प्रयोग करते हैं, लेकिन बिना डॉक्टर की पर्ची के यह इंजेक्शन मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदा जा सकता। अब युवा इस टेझोविन इंजेक्शन का नशा कर रहे हैं।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी



इंजेक्शन की डिब्बी




### ऐसे बिछाया जाल, हांसी में केस के बाद जमी थी निगाहें

गांव मायना के आरोपी सुमित का नाम हांसी में भी इसी तरह के एक केस में सामने आया था। उस समय सुमित बच गया था, लेकिन ड्रग कंट्रोलर डॉक्टर डॉ. मनदीप मान की निगाहें लगातार उस पर बनी हुई थी। मान ने नशे के सप्लायरों को पकड़ने के लिए पूरी प्लानिंग की और रैकी भी की। डॉ. मनदीप मान को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक टेझोविन के इंजेक्शन सप्लाई करने के लिए स्कॉरपियो गाड़ी से रोहतक की ओर आ रहा है। इसके बाद हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर नाकाबंदी कर दी गई।

### पांच कार्टून थे गाड़ी में

ड्रग कंट्रोलर डॉक्टर डॉ. मनदीप मान और एनसीबी यूनिट से प्रेम कुमार नाके पर थे। रात को करीब 8 बजे बिना नंबर की स्कॉरपियो गाड़ी आती दिखाई दी। टीम ने गाड़ी को रोका और तलाशी ली। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसडीओ सब डिविजन अशोक कुमार की मौजूदगी में गाड़ी की तलाशी ली गई तो बीच वाली सीट पर पांच कार्टून मिले। चेक किया गया तो उनमें इंजेक्शन थे। एक कार्टून में 900, दूसरे में 1200, तीसरे में 1200, चौथे में 1200 और पांचवें कार्टून में 1150 टेझोविन के इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए युवक की पहचान गांव मायना के सुमित के रूप में हुई।




### मोटी कमाई

डॉक्टर की सलाह पर मेडिकल स्टोर से टेझोविन का इंजेक्शन लिया जा सकता है। एक इंजेक्शन पर प्रिंट रेट 43 रुपये लिखा हुआ है। लेकिन नशेड़ियों को एक इंजेक्शन 200 रुपये में दिया जाता है। 43 रुपये के हिसाब से 5650 इंजेक्शन की कीमत 2 लाख 42 हजार 950 रुपये हुई। लेकिन नशे के सौदागर इन्हें 11 लाख 30 हजार रुपये में बेचते।

### कहां से लाया था, किसे सप्लाई करने थे

आरोपी सुमित को पकड़ लिया गया है, लेकिन अभी तक उसने कोई भी खुलासा नहीं किया। इतनी बड़ी संख्या में ये इंजेक्शन कहां से लाए गए थे और किसे सप्लाई करने थे, इसका पता लगाना पुलिस के लिए चुनौती होगी। गौर करने लायक है कि इंजेक्शन का नशा युवाओं में बढ़ रहा है और रोहतक में इसकी बड़ी मार्केट हो सकती है। हाल ही में यूनिवर्सिटी एक छात्र की मौत भी ओवरडोज के कारण हुई थी।

### कमर्शियल क्वांटिटी है, 20 साल तक सजा का प्रावधान



हांसी के केस के बाद इस युवक पर निगाहें बनी हुई थी। कई दिन पहले सूचना मिली थी कि नशे में प्रयोग होने वाले इंजेक्शन की सप्लाई रोहतक और उसके आसपास के क्षेत्र में हो रही है। हमारी टीम ने रैकी भी और सूचना को पुष्ट किया। इसके बाद एनसीबी की टीम के साथ मिलकर सोमवार रात को यह कार्रवाई की गई। नशे के किसी भी सप्लायर और सौदागर को बक्शा नहीं जाएगा। पकड़े गए इंजेक्शन कमर्शियल क्वांटिटी में आते हैं। इसमें 20 साल तक की सजा का प्रावधान है। -**डॉ. मनदीप मान**, ड्रग कंट्रोलर, रोहतक।

### अन्य सप्लायर्स के बारे में पूछा जाएगा

आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ की जाएगी और अन्य सप्लायर्स व सप्लाई के बारे में पता करके उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। नशा तस्करी व अवैध धंधे में संलिप्त किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। आमजन से अपील की है कि अगर कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री न. 90508-91508 पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम उजागर नहीं किया जाएगा। -**निरीक्षक पवन कुमार**, एनसीबी यूनिट प्रभारी, रोहतक।

## शहर में आज

- मंजू हुड्डा की पत्रकार वार्ता दोपहर 3 बजे
- नगर निगम की प्रोपर्टी शाखा के कर्मचारियों की बैठक लेंगे अधिकारी
- एमडीयू में पहली काउंसलिंग होगी सुबह 9 बजे से
- लघु सचिवालय में समाधान शिविर सुबह 9 से 11 बजे तक
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा शुरू होगी

## खबर संक्षेप

### मदवि में अब दस तक करें आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में कुछ स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। पीजी पाठ्यक्रमों- एमए-म्यूजिक वोकल, एमए-म्यूजिक इंस्ट्रूमेंटल सितार, एमए-हिन्दू स्टडीज, एमएड, एमए-संस्कृत, एमएससी-स्टैटिसटिक्स, एमटीटीएम, एमएचएमसीटी में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश जेल भेजा गया है। पीजीआई एमएस थाना प्रभारी रोशनलाल ने बताया कि मोखरा निवासी रवि की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 1 जून को रवि अपनी बुलेट मोटरसाइकिल को आदर्श नगर के मकान के पास खड़ा किया हुआ था। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है।

### प्रोफिट का लालच देकर 4,70,900 रुपये ठगे

**महम।** महम के एक युवक के इंस्टाग्राम पर लिंक भेजकर पैसे कमाने का लालच देकर लाखों रुपए की ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में कस्बा महम के वार्ड 6 निवासी पुनीत कुमार पुत्र मुनीष कुमार ने बताया वह रोहतक की एक फैक्टरी में नौकरी करता है। सुबह के समय उसके इंस्टाग्राम पर लिंक आया। उसके पास कुछ पैसे डाले गए।

### बैंक खाते में डलवा लिए 1.15 लाख, केस दर्ज

**महम।** बैंक खातों से अलग अलग तरह से पैसे कटने के मामले सामने आ रहे हैं। महम में एक धोखाधड़ी की एक ऐसी वारदात सामने आई है, जिसमें व्हाट्सएप कॉल के जरिये बैंक खाते से रकम निकाल ली गई। पुलिस को दी शिकायत में कस्बा महम के वार्ड 11 निवासी राजीव लोचन पुत्र जगन्नाथ ने बताया कि उसके मोबाइल फोन पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। जिसमें उसके साथ साइबर ठगी की गई। व्हाट्सएप कॉल के बाद सामने वाले ने 1 लाख 15 हजार रुपए एक मोबाइ नंबर के खाते में डलवा लिए। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसका बैंक खाता एचडीएफसी बैंक में है। राजीव लोचन ने अपने पैसे वापस दिलाने और फ्रॉड करने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### बहु अकबरपुर थाने में दो गुटों में मारपीट, 10 लोगों के खिलाफ केस

- पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया था

**महम।** मदीना गांव में दो गुटों में आपसी विवाद चल रहा है। जांच अधिकारी एएसआई मंजू ने दोनों पक्षों को अनुसंधान के लिए बहु अकबरपुर थाने में बुलाया था। दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास चल रहे थे। थाना परिसर में ही इसको लेकर पंचायत चल रही थी। इसी दौरान अचानक दोनों पक्षों में गाली गलौच व मारपीट शुरू हो गई। अनुसंधानकर्ता एएसआई मंजू ने बताया कि दोनों पक्षों में जब झगड़ा बढ़ गया और गाली गलौच होने लगा तो वहां पर मौजूद एसआई जयभगवान, एएसआई अमित, मुख्य सिपाही कुलदीप, एमएचसी रविंद्र, मुख्य सिपाही सोनू, ईएचसी दलबीर, एसपीओ सुरेंद्र, सिपाही पवन, सिपाही सोमबीर व एचकेआरएन ड्राइवर सुरेंद्र की सहायता से काफी प्रयास करने के बाद उनको अलग अलग किया गया।

### घर से आभूषण और नकदी चोरी, आरोपी धर दबोचा

**रोहतक।** पुलिस ने गांव सैमाण में घर से आभूषण व नगदी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर एक दिन के रिमांड पर हासिल किया गया है। एवीटी स्टाफ थाना प्रभारी सतीश कुमार बताया कि सैमाण निवासी नरेश की शिकायत के आधार पर अभियोग अंकित कर जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 11 अप्रैल की रात के समय नरेश को अपने घर में आवाज सुनाई दी। नरेश ने उठकर देखा तो उसे एक युवक घर से निकलते हुए दिखा। नरेश ने अपने घर का सामान चैक किया तो घर से सोने-चांदी के आभूषण व करीब 57 हजार रुपये चोरी हुए मिले। जांच के दौरान 1 जुलाई को आरोपी नीरज निवासी फरमाना खास को हिसार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ चोरी आदि के एक दर्जन मामले भिवानी, जींद, हिसार व रोहतक में दर्ज है। आरोपी गिरफ्तार होकर हिसार जेल मे बंद है।

# मदवि में पहली काउंसलिंग आज, क्लास 15 से

## 4 वर्षीय यूजी तथा 5 वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में चार वर्षीय यूजी पाठ्यक्रमों तथा पंच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहली काउंसलिंग 3 जुलाई को आयोजित की जाएगी। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि चार वर्षीय यूजी पाठ्यक्रमों तथा पंच



वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए पहली फिजिकल काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को 10 को प्रातः 9 बजे संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना होगा और सुबह 11 बजे तक अपनी हाजिरी दर्ज करवानी होगी। तदुपरांत एडमिशन काउंसलिंग प्रारंभ होगी। दाखिला मिलने की सूरत में फीस 4 तक जमा करवानी होगी। सीटें खाली रहने की सूरत में रिक्त सीटों की सूची 5 को डिस्प्ले की जाएगी। दूसरी फिजिकल काउंसलिंग 6 को आयोजित की जाएगी और एडमिशन मिलने की सूरत में फीस 8 तक जमा करानी होगी। सीटें खाली रहने पर रिक्त सीटों की सूची 9 को डिस्प्ले की जाएगी। तीसरी एडमिशन काउंसलिंग 10 को आयोजित की जाएगी और फीस 11 तक जमा करानी होगी। रिक्त सीटों की सूची 12 को डिस्प्ले की जाएगी। चौथी काउंसलिंग 13 को आयोजित की जाएगी और फीस 14 तक जमा करानी होगी। कक्षाएं 15 जुलाई से प्रारंभ होंगी।

# आईटीआई में पहली मेरिट लिस्ट के दाखिले के लिए फीस जमा करवाने का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

आईटीआई में दाखिले क लिए पहली कट ऑफ लिस्ट 28 जून को जारी हुई थी। अब छात्र डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के लिए आईटीआई पहुंच रहे हैं। दस्तावेजों की पूरी हो चुकी है और आज वे फीस भर सकते हैं। काफी छात्र ऐसे हैं, जिन्होंने डॉक्यमेंट्स वेरिफिकेशन तो करवा ली है, लेकिन दाखिला फीस नहीं भरी। अगर छात्र फीस नही भरेंगे तो दाखिला कन्फर्म नहीं होगा। ऐसी स्थिति में सीट को वैकेंट दिखाकर दूसरे राउंड के लिए 4 जुलाई को रिक्त सीटों की जानकारी चस्पा की जाएगी। रिवीजन ऑफ ऑप्शन/ प्रिफरेंस बाई कैंडिडेट के लिए पोर्टल 4 से लेकर 4 जुलाई तक खुलेगा। दूसरी मेरिट लिस्ट 9 जुलाई को लगेगी। आईटीआई स्तर पर दस्तावेजों की जांच 9 से 12 जुलाई तक होगी व फिर फीस भरने का समय 9 से 13 जुलाई तक रहेगा। आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को विद्यार्थियों को अब अलॉट की गई सीट में दाखिला न लेने और दूसरे कोर्स में ऑप्शन भरने के लिए 500 रुपये जुमार्ना अदा करना होगा।

**कार्रवाई** एवीटी स्टाफ की टीम ने आरोपी को ई-रिक्शा सहित किया गिरफ्तार

# वाहन लूटने वाले गिरोह के दो सदस्य दबोचे जेल में बनाई थी गैंग, की जा रही पूछताछ

गिरोह का मुख्य सरगना अभी भी फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

पुलिस ने वाहन लूटने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लूटी गई ई-रिक्शा को बेचने की फिराक में थे। इसी दौरान एवीटी स्टाफ टीम ने छापेमारी करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं गिरोह का मुख्य सरगना अभी भी फरार है। डीएसपी रवि खंडिया ने बताया कि अप्रैल 2024 में सांपला थाने में एक एफआईआर दर्ज हुई थी। जिसमें एक युवक की ई-रिक्शा छीन ली गई थी। वहीं, एवीटी स्टाफ की टीम ने जांच करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों की पहचान रोहतक की तेज कॉलोनी निवासी नरेंद्र और सोनीपत की वाल्मीकि बस्ती निवासी सुमित उर्फ रंधावा के रूप में हुई है। आरोपियों ने रोहतक शहर में भी कई लूटपाट की वारदातों को अंजाम दिया है।



पत्रकारो से बातचीत करते हुए डीएसपी रवि खंडिया।

### गैंग बनाकर वारदात

डीएसपी ने बताया कि आरोपियों ने गैंग बनाकर इस तरह की वारदातों को अंजाम देते थे। इनका सरगना कैथल निवासी सन्नी है, जो अभी पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस आरोपी सन्नी को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही है। वहीं ये दोनों आरोपी पहले भी चोरी व छीना झपटी जैसी वारदात कर चुके हैं और जेल भी जा चुके हैं। जेल में ही तीनों ने गैंग बनाई। हालांकि, आरोपी सन्नी व सुमित आपस में रिश्तेदार भी हैं। आरोपी अधिकतर वारदात रात के समय करते थे, ताकि लूटपाट करके फरार हो जाएं। आरोपी पहले बाइक पर रास्ता रोकते और फिर डरा-धमकाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे।

### सीआईए व एवीटी की टीमों का गठन

डीएसपी ने बताया कि एसपी हिमांशु गर्ग के दिशानिर्देशों अनुसार स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने व स्नैचर को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। जिसमें सभी सीआईए स्टाफ व एवीटी स्टाफ की टीमों को शामिल किया गया है।

### आरोपी ने 26 जून को छीनी थी ई-रिक्शा

डीएसपी ने बताया कि आरोपी ने 26 जून को अन्य दो साथियों के साथ मिलकर ई-रिक्शा छीनने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने रात करीब 10 बजे पावर हाउस चौक के पास राजेश निवासी मकडौली खुर्द की ई-रिक्शा को छीनी थी। एक आरोपी राजेश की ई-रिक्शा को लेकर व अन्य दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर बैठकर मौके से फरार हो गए। राजेश की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ थाना पुरानी सब्जी मंडी में केस दर्ज है।

### आरोपियों से पूछताछ जारी

आरोपी ने थाना सदर के एरिया से अपने साथियों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया हुआ है। जिसमे आरोपी नरेंद्र उर्फ सुखा को थाना सदर की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। वारदात में शामिल रहे अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपियों से स्नैचिंग की अन्य वारदात का खुलासा होने की उम्मीद है। आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# स्नैचिंग के दूसरे आरोपी को टीम ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

पुलिस की एवीटी स्टाफ की टीम ने सांपला में हुई स्नैचिंग की वारदात में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर एक दिन के रिमांड पर हासिल किया गया है। यह बात सोमवार को डीएसपी रवि खुंडिया ने पत्रकारों को कही। उन्होंने बताया कि सांपला निवासी नीतू ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि नीतू ने सांपला बाजार में किरयाने की दुकान कर रखी है। 3 अप्रैल को नीतू अपने किरयाने की दुकान से करीब 70 हजार रुपये कैश लेकर अपने बेटे के साथ एक्टिवा से घर आ रही थी। नीतू अपने घर के आगे पहुंच कर स्कूटी को खडा कर गेट खोलने के लिए उतरी। एक्टिवा पर नीतू का बेटा बैग लिये हुये बैठा था। तभी



स्कूटी पर सवार दो युवक मुंह पर कपडा बांधे हुये आए व नीतू के बेटे से बैग छीनकर भाग गए। बैग में बैंक, डाकखाने की कॉपी, मोबाइल फोन व रुपये थे। एक जुलाई को आरोपी मोहित निवासी सांपला को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में सोमबीर उर्फ मोनू को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वारदात में प्रयुक्त की गई स्कूटी पहले ही बरामद हो चुकी है। आरोपियों ने शहर रोहतक के एरिया से स्कूटी चोरी कर स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया था।



# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

# देवलीना

## किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।



हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे।



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की माने तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।

# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है,




जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।

# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज़ 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख ( बरुन सोबती ) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

## अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट

# गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

*इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या'ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या'ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

**नई दिल्ली।** 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

### पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन'से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या'में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।



### 'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।

## खबर संक्षेप



### भारत विकास परिषद ने किया पौधरोपण

**रोहतक।** भारत विकास परिषद् सेक्टर शाखा ने पौधे लगाओ-जीवन बचाओ को अपने जीवन में अपनाते हुए 5000 पौधे लगाने का निश्चय किया। परिषद् के वरिष्ठ सदस्य अशोक बंसल के 74वें जन्म दिन पर इसकी शुभ शुरुआत की गई। सेक्टर 1 और 2 के पार्क में त्रिवेणी व फलदार पौंधे जामुन, नींबू व मौसमी इत्यादि के पौधे लगाए गए। शाखा के पौधारोपण कार्यक्रम को गति देने के लिए पर्यावरण उपाध्यक्ष एमएल अरोड़ा ने बताया कि वे इस बरसाती मौसम में हर संभव 5000 पौधे लगाकर ही दम लेंगे।

### मिनी गोल्फ में टीम ने तीसरा स्थान पाया

**रोहतक।** 30 जून से 2 जुलाई तक इंदौर में आयोजित 9वीं राष्ट्रीय स्तरीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन मिनी गोल्ड फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा आयोजित किया गया। हरियाणा मिनी गोल्फ एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप राठी ने बताया कि टीम में छह खिलाड़ियों ने इसमें शिरकत की। खिलाड़ियों ने ऑल ओवर इंडिया में नॉकआउट में तीसरा स्थान हासिल करके हरियाणा का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ियों में अमन, विनीत,आशी,यशिका कास्य पदक जीता और प्रिंस व लक्ष्य ने डबल इवेंट में रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।

### करनाल रैली को लेकर क्लर्कों ने कसी कमर

**रोहतक।** क्लेरिकल एसोसिएशन वैलफेयर सोसायटी की मटिंग मंगलवार को सिंचाई विभाग में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान संदीप दांगी ने की। मीटिंग में 7 जुलाई को होने वाली करनाल रैली में सभी विभागों को शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। संदीप दांगी ने बताया की 5 जुलाई से 15 अगस्त 2023 तक लगातार 42 दिनों तक पूर्ण हड़ताल की थी। जिसके बाद सरकार ने एक कमेटी गठित करके हमारी हड़ताल को स्थगित कराया था।



### समर कैंप में विद्यार्थियों ने सीखे खेलों के दांव पेच

**महम।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में समर कैम्प का आयोजन किया गया। इस समर कैम्प में बच्चों ने तरह-तरह के खेलों के दांव पेंच सीखे और योग क्रियाओं में भाग लिया। प्रिंसिपल मंजूलता ने बताया कि पहले भी आदर्श स्कूल ने खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड बनाया है और इस बार फिर से बच्चों को एक नया रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए तैयार किया गया। स्कूल में बच्चों को कबड्डी के लिए कबड्डी मैट पर अभ्यास कराया गया। बच्चों ने नये खेल जैसे फुटबॉल, कराटे, एथलेटिक्स, कबड्डी अथवा योग का अनुभव लिया।

## जिला पार्षदों ने दिया धरना, चेयरपर्सन आज देंगी जवाब

# पार्षदों का चेयरपर्सन को दो दिन का अल्टीमेटम

मीटिंग के लिए पार्षदों ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र भेजा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सोलह करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च करवाने के लिए जिला पार्षद सीमा भालौठ,दीपिका निगाना, नीलम समालिया, पूजा रानी,अनिल हुड्डा समेत दूसरे पार्षदों ने मंगलवार को विकास भवन पर धरना दिया। सुबह नौ बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक पार्षदों ने विरोध जताकर धरना संपन्न कर दिया। पार्षदों ने कहा कि अगर चेयरमैन मंजू हुड्डा ने दो दिन में हाउस की मीटिंग का दिन तय नहीं किया तो फिर अगला कदम उठाया जाएगा। मीटिंग के लिए पार्षदों ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र भेजा है। धरने पर बैठे पार्षदों ने बताया कि गत 28 जून को जिला परिषद चेयरमैन की तरफ से एक पत्र प्राप्त हुआ था। जिसमें कहा गया था कि सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के नाम भेजें। ताकि कामों को लेकर अगली प्रक्रिया शुरू करवाई जा सके। पार्षदों का आरोप है कि पिछले बैठकों में जिन कामों की सूची अध्यक्ष को दी गई थी, उन पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में अब नए कामों की लिस्ट तैयार करने का औचित्य ही शेष क्या बचता है। पार्षदों ने कहा कि हम कामों की सूची अध्यक्ष को देने को तैयार हैं। लेकिन इसके लिए सदन की मीटिंग बुलाई जाए। पार्षदों ने कहा कि पिछली मीटिंग 12 फरवरी को हुई थी, उसके बाद से अब तक एक भी बैठक नहीं की गई है। जोकि पंचायती राज अधिनियम की अवेहलना है।

### विकास में भेदभाव का आरोप निराधार



मैं बुधवार को दोपहर बाद तीन बजे प्रेस कांफ्रेंस करके ये बताऊंगी कि मैंने कौन कौन से विकास कार्य में करवाए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में पूरे जिला में एक समान कार्य हों, ये मेरी प्राथमिकता है। विकास कार्य में भेदभाव के आरोप पूरी तरह से निराधार हैं।

मंजू हुड्डा, अध्यक्ष जिला परिषद

## सीएम को हर प्रदेशवासी की चिंता: रणवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने कहा कि मुख्यमंत्री नयाब सैनी को सभी हरियाणावासियों की चिंता है। गांव-गांव में विकास पहुंचाने की इसी सोच के चलते मुख्यमंत्री में खजाने के द्वार खोल दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि विकास के कार्यों के लिए फंड की कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। इसके अलावा किसी कार्य के लिए मिट्टी का भरत का अगर अलग से एस्टीमेट बनातर सरपंच देंगे तो वो भुगतान भी सरकार करेगी। ढाका ने बताया कि अपंजीकृत ठेकेदार एक साल में 50 लाख तक के कार्य ही कर पाएगा। ढाका ने कहा कि सरपंचों के सम्मान को भी तरजीह देते हुए नायब सैनी ने घोषणा की है कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम गांव में होने पर सरपंच का स्थान डीसी और एसपी के साथ होगा। जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली ने कहा कि मुख्यमंत्री अंतिम व वंचित व्यक्ति तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाने के संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

### बाबा जतनाईनाथ ने सात धूनों के बीच की कड़ी साधना

**कलानौर।** विधानसभा के गांव मसूदपुर में बाबा जोहड़ी वाले पर बाबा जतनाईनाथ ने जून महीने की प्रचंड गर्मी के बीच सात धूणीयों की धधकती ज्वाला के बीच साधना की तथा लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसे लेकर गांव में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कलानौर हल्के से भाजपा नेता डॉ अशोक कुमार रंगा भी अपने पैतृक गांव में पहुंचे। वहीं दूर दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने धूने पर माथा टेककर बाबा जी से आशीर्वाद लिया ओर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान गांव सरपंच भगवत दयाल शर्मा, नवीन शर्मा, लखी राम शर्मा, चांद शर्मा, धरमल शर्मा, जसबीर , राधेश्याम, सुरेश पंच, राजबीर , रामसिंह, फूलकुमार पंच आदि रहे।

## न्यूज डायरी



### जतिन ने प्रतियोगिता में शानदार सफलता की प्राप्त

**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्र जतिन ने साइंस अध्यापकों के मार्गदर्शन में एनसीएससी (राष्ट्रीय स्तर की बाल विज्ञान कांग्रेस) प्रतिस्पर्धा में जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार सफलता प्राप्त कर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। यह जानकारी प्राचार्या मनीषा सांगवान ने दी। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर के बाल विज्ञान कांग्रेस 28-31 अगस्त 24 को भोपाल में आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धा में जतिन का नाम चयनित किया गया है। इस शानदार सफलता पर स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान ने व प्राचार्या मनीषा सांगवान ने उसकी मेहनत और लगन की खूब प्रशंसा की।



### गुरुकुल विश्वभारती में हुई अध्यापक संगोष्ठी

**रोहतक।** लाढ़ौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में मंगलवार को गुरुकुल निदेशक आचार्य नंदकिशोर के निर्देशन में अध्यापक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षण को ओर प्रभावशाली कैसे बनाया जाए। कार्यक्रम का शुभारंभ मेधा मंत्र के द्वारा शैक्षणिक प्रभारी निशांत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जयपाल अहलावत का गुरुकुल प्राचार्य संजय कौशिक ने आत्मीय भेंट देकर स्वागत किया। अहलावत ने बताया कि शिक्षक की योग्यता ही उसकी पहचान होती है। उन्होंने चिंता और चिंतन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसी एक बात को पकड़ कर लगातार दुखी होते रहना चिंता है और उसी प्रकरण को लेकर सही दिशा में सोचने की प्रक्रिया का नाम है चिंतन। चिंता भटकाव है, चिंतन रास्ता है। चिंता का समाधान सिर्फ चिंतन है। चिंता के दाह पर चिंतन चंदन का लेप है। उन्होंने शिक्षण में पर्याप्त संसाधनों का सदुपयोग करने पर जोर दिया।



### इन्हरव्हील क्लब के सदस्यों ने मनाया 'डाक्टर्स डे'

**रोहतक।** इन्हरव्हील क्लब रोहतक सिटी के सदस्यों ने 'डाक्टर्स डे' सेलिब्रेट किया। जिसमें डाक्टरों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। क्लब प्रधान सुषमा बत्रा ने डाक्टर्स का धन्यवाद किया और प्रार्थना की कि वह तरह निष्काम भाव से अपने सेवाएं समाज में देते रहे। सम्मानित किए गए डॉ. सोनिया अरोड़ा, डॉ. कीर्ति, डॉ. दीपांशी, डॉ. नीलम सचदेवा, डॉ. रमन सुखीजा रही। इस अवसर पर अंजना गुप्ता, डॉ. मंजू बधवार, मीरा बंसल, रीनू सिंगला, बीनू कंसल, राज अरोड़ा, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. गीता खुराना, आरती, अनिता गुगलानी, गीता सोनी, आशा जैन, सीमा गर्ग, इंदु जुनेजा मौजूद रही।

### अवैध कब्जे हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने कलानौर नगर पालिका की परिधि में स्थित बाल्मीकि बस्ती जोहड़ से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत कलानौर के नायब तहसीलदार सुभाष चंद्र को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी दूसरे आदेश के तहत जिला के गांव खरावड़ में ग्राम पंचायत की भूमि से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सांपला के नायब तहसीलदार जितेंद्र को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। तीसरे आदेश के तहत जिलाधीश द्वारा जिला के गांव मोखरा खेड़ी रोज में खेवट संख्या 191, खतौनी संख्या 385 (सरप्लस/मुजरान भूमि) से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत महम के तहसीलदार अजीत कलकल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है।आदेशों के तहत पुलिस अधीक्षक ड्यूटी मैजिस्ट्रेटस के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

### आठ जुलाई को बांटे जाएंगे मुफ्त पौधे

**सांपला।** मानसून का सीजन शुरू हो गया है। वन विभाग भाग भी इलाके में हरियाली बढ़ाने के लिए अलर्ट हो गया। सांपला नर्सरी में करीब 30 प्रजातियों के लगभग 40000 पौधे तैयार किए गए हैं। मुफ्त सप्लाई के अंतर्गत दिए जाने वाले पौधों का वितरण 8 जुलाई से शुरू हो जाएगा। नर्सरी के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि सांपला नर्सरी में पौधा गिरी के तहत सजावटी, फलदार, छायादार, मेडिसिन प्लांट अर्जुन, नीम, पापड़ी ,नींबू, इमली, गुलमोर, अमलतास, बेरी ,अमरूद ,शीशम, चांदनी, चंपा, गुलाब,कढी पता, जामुन सहित अन्य प्रजाति के पौधे शामिल हैं। जल शक्ति में ग्राम पंचायत 1000 पौधे ले सकती है।

## एसबीआई के स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों को दिए उपकरण

- बच्चों की सुविधा के लिए 6 कम्प्यूटर, 2 इन्वर्टर सेट, 6 पंखे, 2 प्रिंटर व 12 टाट पट्टी की गई प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गांव गढ़ी-बोहर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान कम्प्यूटर सेट व अन्य सामान प्रदान करते हुए भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक रोहित सुरेश कशालकर, क्षेत्रीय प्रबंधक अमित यादव, मुख्य प्रबंध ललित कुमार ।

भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस जिला के गांव गढ़ी-बोहर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बैंक द्वारा बच्चों की सुविधाओं के लिए 6 कम्प्यूटर सेट, दो इन्वर्टर सेट, 6 पंखे, 2 प्रिंटर तथा 12 टाट पट्टी प्रदान की गई। बैंक द्वारा विद्यालय में पेयजल प्रबंधन तथा शौचालयों के रखरखाव में भी सहयोग का प्रबंध किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक रोहित सुरेश कशालकर, क्षेत्रीय प्रबंधक अमित यादव, मुख्य प्रबंध ललित कुमार तथा प्रबंधक अतुल चौधरी ने अन्य सहयोग कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम में स्कूल को उपरोक्त उपकरण प्रदान किए। भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक रोहित सुरेश कशालकर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के सहयोगात्मक व्यवहार तथा शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने सरकारी विद्यालयों की समय-समय पर इस तरह के सहयोग का आश्वासन भी दिया। शिक्षा विभाग की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रंजना दलाल ने बैंक अधिकारियों को स्मृतिचिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

## पुण्यतिथि पर किया रक्तदान, रोपे पौधे

- रक्तदानी राकेश शर्मा की 9वीं पुण्यतिथि पर लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पौधारोपण करते हुए विधायक भारत भूषण बतरा।

लायंस क्लब रोहतक आन एवं शर्मा परिवार द्वारा स्वर्गीय राकेश शर्मा की 9वी पुण्यतिथि पर शुगर मिल में रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक मेडिकल कॉलेज की टीम के सहयोग से किया। शिविर का आरंभ विधायक भारत भूषण बतरा ने किया। संत महात्मा एवं अनेक संस्था के प्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि लायंस क्लब एवं परिवार द्वारा छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। 38 यूनिट ब्लड रक्तदानिया द्वारा समाज हित में मेडिकल कॉलेज की टीम को दिया गया। सोशल ऑफिसर शुगर मिल जगत सिंह बुरा ने बताया की राकेश शर्मा शुगर मिल में कार्यरत थे। उन्होंने 42 से ज्यादा रक्तदान शिविरों में अपनी अहम भूमिका निभाई उन्होंने 26 बार स्वयं रक्तदान किया। वे शुगर मिल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी के सहयोगी रहे।

### डॉक्टर-डे पर लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**रोहतक।** रोटरी क्लब आफ रोहतक सफायर द्वारा डीएलएफ चौक पर स्थित जेपी नारंगी देवी होम्योपैथिक फिजियोथैरेपी चैरिटेबल क्लीनिक में डाक्टर-डे पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में 8 तरह की ओपीडी लगाई गई। गुरुग्राम के डॉ. हरमिन्द्र सिंह वरिष्ठ हड्डी रोग, डॉ. देवेंद्र कौर स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुमित जुनेजा दंत रोग विशेषज्ञ व महिलाओं के लिए निशुल्क स्तन कैंसर जांच की गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. दिनेश शर्मा ने नेत्र की जांच की। इस मौके पर शिविर में स्कॉलर रोजरी के डायरेक्टर रवि गुगनानी, एसिस्टैंट गर्वनर रोटेरियन नरेश जैन, न्यू ईयर के प्रधान रोटेरियन विनोद कुमार जैन, पूर्व प्रधान राजीव बेरीवाल, सचिव सीए. सुनील जैन, प्रोजेक्ट चेयरमैन सुशील गर्ग, को-प्रोजेक्ट चेयरमैन अनुराग जैन, सीए सुशील जैन, विनय गोयल, संजय पारीक, विजय तायल, संजय गोयल, सतीश गोयल, अनिल बंसल, नितिन तायल, रमेश रोहिल्ल रहे।

### मांगों को लेकर एसएफआई तेज करेगी आंदोलन



**रोहतक।** शिक्षण संस्थानों मे लगातार बढ़ रही फीसों, विश्वविद्यालयों की ग्रांट में कटौती और बढ़ रहे एसएफएस कोर्स को एसएफआई जिला कमेटी ने मंगलवार को लेकर बैठक की। मीटिंग के बाद जिला सचिव अमित पूनिया ने कहा कि वर्तमान समय में पूरे देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार शिक्षण संस्थानों पर हमलावर बनी हुई है। सरकार लगातार शिक्षा के बजट को कम रही है। दिन-प्रतिदिन शिक्षा और उसपे आने वाला खर्च महंगा होता जा रहा हैं। जिसका प्रत्यक्ष रूप से प्रभाव छात्रों और उनके गरीब माता-पिता पर पड़ रहा है। आज गरीब मेहनतकश मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों के सामने लगातार महंगी हो रही शिक्षा एक चुनौती बनकर खड़ी हुई है। जिसके कारण लगातार ड्रॉप आउट बढ़ रहा है। हम लगातार न्यूज़ पेपर देख रहे हैं कि कॉलेज और विश्वविद्यालय के अंदर दाखिले फॉर्म की भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सचिव अमित पूनिया ने बताया कि प्रदेश भर में पिछले शिक्षा सत्र इस बार से दाखिले फॉर्म कम आए हैं। लेकिन सरकार नई शिक्षा नीति के तहत दावा कर रही है कि हम इनरोलमेंट को जल्द से जल्द 100% लेकर जाएंगे। जबकि नई शिक्षा नीति शिक्षण संस्थानों में लागू होने के बाद फीसें लगातार बढ़ी हैं।

## महिला की हत्या के मामले में सोने के कड़े खरीदने वाला सुनार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने गांव रिठाल फोगाट में हुई महिला की हत्या के मामले में आरोपी से सोने के कड़े खरीदने वाले सुनार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपी को जेल भेजा गया है। सदर थाना प्रभारी सतपाल ने बताया कि 21 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव रिठाल फौगाट में घर के अंदर महिला का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। मृतक महिला की पहचान सुखपति पत्नी राजेंद्र निवासी रिठाल फौगाट के रुप में हुई। 22 मई को मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम करवाकर शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा गया। 3 जून को मृतका के बेटे ओमप्रकाश की शिकायत के आधार पर हरेंद्र के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। पता चला कि 11 मई को सुखपति के पास उसके बेटे की बहू ने फोन कर हालचाल पूछा तो उसने बताया कि घर से सोने के दो कंगन चोरी हो गई। ओमप्रकाश ने अपने साले को अपनी मां के पास घर पर भेजा। सुखपति ने बताया कि हरेंद्र को घर पर बुलाकर उससे कंगन के बारे में पूछेगी।

## बकाया 1269 शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया जारी, मंगलवार को मिली 142 शिकायतें

# अब तक समाधान शिविरों में मिली 1861 शिकायतें, 592 का निपटारा

मुख्यमंत्री नायब सैनी के आदेशों पर हर जिले में प्रशासन द्वारा समाधान शिविर शुरू किए गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार व नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशों पर हर जिले में प्रशासन द्वारा समाधान शिविर शुरू किए गए थे। जिला प्रशासन द्वारा हर कार्य दिवस आयोजित किये जा रहे शिविरों में अब तक 1861 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 592 का निपटारा कर दिया गया है और 1269 शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में 142 शिकायतें मिली, जो संबंधित अधिकारियों को निपटारे के लिए सौंपी गई। उपायुक्त अजय कुमार खुद इन शिकायतों की रिपोर्ट लेते हैं।

अजय कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में हर कार्य दिवस को आयोजित हो रहे समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा तथा नगराधीश अंकित कुमार के साथ लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि वे समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द निपटारा सुनिश्चित किया जाए तथा हर दिन सायं तक संबंधित अधिकारियों को शिकायत के स्टेटस की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी होती ह उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन का यही प्रयास है कि सभी लोगों की शिकायतों का यथाशीघ्र समाधान हो तथा समाधान शिविरों में एक स्थान पर ही संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर लोगों की शिकायतों को निपटा रहे हैं। सरकार के निर्देशानुसार हर कार्य दिवस जिला व उपमंडल स्थित लघु सचिवालय में सुबह 9 से 11 बजे तक लोगों की शिकायतों की सुनवाई की जा रही है।

### ये मिलती हैं शिकायतें

समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही ज्यादातर शिकायतों में परिवार पहचान पत्र में त्रुटि को दुरुस्त करवाने, प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने, पुलिस विभाग, बिजली विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, राजस्व विभाग इत्यादि से संबंधित शिकायतें शामिल हैं। इसके अलावा बिजली व पानी से सम्बंधित शिकायतें भी आती हैं। समाधान शिविर में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विरेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**NOTICE**

I, Manjeet Malik son of Sh. Rohtash R/o Village Bhainswal Kalan, Tehsil Gohana, District Sonipat declare that I, Manjeet Singh D.O.B. 21.06.1993 (existing name and date of birth in the service documents of my father) son of No. 14255943-Y Ex Hav Rohtash R/o Vill. Bhainswal Kalan Tehsil Gohana Distt. Sonipat (Haryana) Pin-131409 have changed my name from Manjeet Singh to Manjeet Malik and D.O.B. from 21.06.1993 to 23.09.1993 (Existing in my civil documents)

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- BAMS 2
- RMO 2
- COMPUTER OPERATOR 2
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- PHARMACY BILLING STAFF 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

खबर संक्षेप



## बिजली निगम परिसर में किया पौधरोपण

**रोहतक।** बिजली निगम के शहरी सब डिवीजन नंबर तीन में पौधारोपण किया गया। इस दौरान नीम, शीशम के अलावा 25 तरह के पौधे लगाए गए। आशीष चौहान ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन रक्षक हैं। बारिश का मौसम है और पेड़ हमें शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं। इसलिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। इस मौके पर यतिंदर हुड्डा, विक्रम, रूपिन, अनीश कुमार, मदन, सत्यवान, सुदेश मौजूद रहे।

## नौका विहार महोत्सव में झूमे श्रद्धालु



**रोहतक।** नौका विहार महोत्सव मनाते हुए महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज, महंत कमलपुरी महाराज व भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** गोकर्ण तीर्थ में श्री लाडली लाल जी का नौका विहार महोत्सव पर श्री राधा नाम संकीर्तन मंडल द्वारा यमुना महारानी का पूजन किया गया। इसमें गोकर्ण पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज, महंत कमलपुरी महाराज, बाबा पिंकी मोहित, गिन्नी लूथरा, आशु, रोहित आदि शामिल हुए।

## आज सरकार को ज्ञापन भेजेंगे कच्चे कर्मचारी

**रोहतक।** अनुबंधित कर्मचारी संघ के जिला प्रधान मनीष नांदल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने बीते पांच साल में कच्चे कर्मचारियों के वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इसके विरोध में कर्मचारी 4 जुलाई को अधिकारियों के माध्यम से सरकार को मांग पत्र भेजेंगे। 29 जुलाई को विरोध प्रदर्शन करेगा। सरकार ने कच्चे कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया तो विस चुनाव में सरकार का बहिष्कार किया जाएगा, ये नांदल ने कहा है।

# खाली प्लॉट बढ़ा रहे परेशानी, बारिश के बाद जलभराव, डेंगू के मामले बढ़ेंगे

## प्लॉट मालिकों का पता लगा पाना निगम के लिए मुश्किल, लोग फैलाते हैं गंदगी

### कुछ ही प्लाट मालिकों ने बनवाई हैं प्रोपर्टी आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



शहर में अलग-अलग एरिया में स्थित खाली प्लॉट नगर निगम के लिए आफत बनते जा रहे हैं। इन प्लॉट में अक्सर लोगों द्वारा गंदगी फेंकने की शिकायतें आती रहती हैं। अब नई समस्या बरसात के बाद उत्पन्न हुई है। बरसात की वजह से इन प्लॉट में भारी स्तर पर जलभराव हुआ है। जिसकी वजह से मच्छरों की संख्या बढ़ने की सम्भावनाएं बढ़ गई हैं। शिकायत मिलने के बाद नगर निगम द्वारा प्लॉट मालिकों को नोटिस भी भेजे जाएंगे। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मौसम को देखते हुए मच्छरों से बचाव के लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग का मानना है कि डेंगू व मलेरिया के मामले सामने आ सकते हैं।

गौरतबल है कि शनिवार की दोपहर को रोहतक में तेज बरसात हुई थी। एक से डेढ घंटे तक हुई बरसात 55 एमएम दर्ज की गई। जिसकी वजह से शहर के चौराहे, बाजार, गलियां जलमग्न हो गए थे। इसके साथ ही रिहायशी कॉलोनियों में स्थित खाली प्लाट में भी पानी भर गया। पानी में सीवर लाइन का पानी मिक्स होने के कारण इससे बहुत तेज बदबू आ रही है। साथ ही प्लास्टिक और गंदगी सड़ने के कारण प्लाट के आसपास रहना तो दूर आगे से निकलना भी आसान नहीं है। जिनमें से अधिकतर का निगम के पास अपडेट रिकार्ड तक नहीं है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि बाहरी कॉलोनियों में इन खाली प्लॉट की संख्या पांच हजार से ज्यादा है। जिनके मालिकों का भी पता नहीं लग पा रहा। ऐसे प्लॉट भी ज्यादा हैं जिन्हें किसी ने खरीद कर आगे बेच दिया है। इसलिए इन प्लाटों की सुध लेनी जरूरी है।

### अधिकतर का रिकार्ड नहीं

नगर निगम प्रॉपर्टी टैक्स शाखा के कर्मचारियों को भी प्लॉट धारकों का रिकार्ड पता करने में काफी दिक्कतें आती हैं। कार्यालय के पास ज्यादातर खाली प्लाटों का रिकॉर्ड नहीं है। क्योंकि कुछ प्लॉट मालिक ही निगम कार्यालय में आकर प्रॉपर्टी आईडी बनवाई हुई है। प्लॉट मालिकों के नाम और पते की जानकारी नहीं है।

### खाली प्लाटों की नहीं है चारदीवारी

शहर की कॉलोनियों में स्थित खाली प्लाट ऐसे भी हैं जिनमें लोग गंदगी डालते रहते हैं और इनकी चार दीवारी भी नहीं है। जिसकी वजह से यहां गंदगी ज्यादा फैलती है और बीमारियों का कारण बनती है।

### मालिकों को दिए जाएंगे नोटिस

बरसात की वजह से खाली प्लाटों में पानी जमा होने पर संज्ञान लिया जाएगा। प्लाट मालिकों को हिदायत दी जाएगी कि वे प्लाट में मिट्टी डलवा लें। वहां जलभराव न होने दें। साथ ही गंदगी न फैलने दें। इन प्लाट की चारदीवारी करवाई जाए। नगर निगम द्वारा प्लाट मालिकों को नोटिस देकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

-विजय मलिक, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर निषेधाज्ञा आदेश

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 3 से 11 जुलाई तक आयोजित की जा रही परीक्षाओं के दृष्टिगत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि आदेश के तहत 3 से 11 जुलाई तक परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में 5 या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होनेपर पाबंदी लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में स्थित सभी फोटोस्टेट की दुकानें-साइबर कैफे के संचालन पर भी पाबंदी लगाई गई है।

### यहां स्थापित किए गए हैं परीक्षा केंद्र

रोहतक में स्थानीय रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुराना बस स्टैंड के समीप स्थित एसडी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांधी नगर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा गांधी नगर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए है।



## सात दिवसीय शूटिंग चैम्पियनशिप

**रोहतक।** अभिनन्दन शूटिंग अकादमी के कोच संदीप नेहरा द्वारा तीसरी राइफल और पिस्टल की शूटिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई। इसका शुभारंभ अशोक कुमार वाइस चांसलर हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ने किया और समापन व पुरस्कार वितरण डॉ. आईजी अरुण नेहरा ने किया। चैंपियनशिप में पंजाब, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों से आये करीब 850 शूटर्स ने भाग लिया। 64 शूटर्स का फाइनल में सिलेक्शन हुआ। कनक बुधवार ने पिस्टल इवेंट्स में वूमेन्स कैटेगरी में चैंपियंस ऑफ़ चैंपियंस बनकर 31000 रुपये का नकद पुरस्कार जीता और जम्मू कश्मीर की निशा शर्मा ने राइफल इवेंट में चैंपियंस ऑफ़ चैंपियंस बनकर 31000 रुपये जीते।

# स्वतंत्रता सेनानियों, शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं पूर्व सैनिकों व वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



दिल्ली रोड स्थित तिलक नगर के स्मार्ट स्टोर के प्रबंध निदेशक नरेश मुंजाल के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों, शहीद सैनिकों के आश्रितों, पूर्व सैनिकों और वरिष्ठ नागरिकों को शॉल, पानी बॉटल और तिरंगे झंडे भेंटकर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता सेनानी राम सिंह जाखड़ की धर्मपत्नी मुखत्यारी देवी ने भजन सुना कर सबको ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। योग शिक्षिका दया आर्या ने राष्ट्रभक्ति के गीत सुना कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

डॉक्टर रविंद्र नांदल ने सभी को जल बचाने की कई युक्तियां बताई और उन पर अमल करने का आह्वान किया। सम्मान समारोह में खरावड़ के शहीद सिपाही ओम प्रकाश की वीरनारी धनपति देवी, बोहर के शहीद सतपाल की धर्मपत्नी प्रेमकौर, सांघी के शहीद नायक समुंदर सिंह हुड्डा, सेना मेडल के भाई रामफल हुड्डा ,स्वतंत्रता सेनानी राम सिंह जाखड़ की धर्मपत्नी मुख्त्यारी देवी, स्वतंत्रता सेनानी नाहनु राम की पुत्रवधू राजबाला, सूबेदार ईश्वर सिंह ,सीपीओ किशन लाल, शिक्षा अधिकारी जितेंद्र खत्री ,पूर्व आकाशवाणी डायरेक्टर धर्मपाल मलिक, राजवीर मलिक , कैप्टन जगबीर मलिक, कैप्टन सतबीर सिंह , प्रिंसिपल रणवीर नरवाल, राजवीर राज्याण, सहित 45 पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों के आश्रितों, समाज सेवकों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सूबेदार चंद्रभान, प्रिंसिपल उर्मिला चौधरी , ताऊ वेदपाल नैन, रोहतक पूर्व सैनिक संघ के जिला प्रधान ,सिलक राम लठवाल, नरेश शर्मा, गुलाब वर्मा, नरेंद्र सिंह,उषा रानी, रामरति मलिक, डॉक्टर प्रवीण खत्री, मिथिलेश हुड्डा आदि उपस्थित रहे।

# रुपयों से भरा थैला चुराने वालों की नहीं हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



महम। अधिकारियों से मिलने लघु सचिवालय पहुंचे महम के दुकानदार व व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

रुपयों से भरा थैला चुराकर फरार होने वाले चोरों को पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। दुकानदार ने चोरी की वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दे रखी है। लेकिन बावजूद इसके पुलिस चोरों को काबू करने में नाकाम साबित हो रही है। चोरों की गिरफ्तारी न होने से महम के दुकानदारों और व्यापारियों में पुलिस के प्रति रोष है।

चोरों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर शहर के दुकानदारों और व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल डीएसपी संदीप सिंह और एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट से मिला। दोनों अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मौके पर पार्षद बॉबी, व्यापार मंडल प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा, कन्हैया, राजीव गुप्ता, कृष्ण सिंगला, कृष्ण गर्ग, अनिल सिंगला, सक्षम गोयल, जगबीर, मोनू, श्री भगवान, सुंदर अग्रवाल,

### ...बहाने आए थे चोर

कस्बा महम के आजाद चौक में कन्हैया नाम का दुकानदार एक तख्त लगाकर नोटों की माला बनाकर उन्हें बेचने का काम करता है। साथ ही वह दूल्हे की टोपी और नए नोटों की गडिड्यां भी बेचता है। शुक्रवार को तीन युवक नोटों की माला लेने के लिए उसकी ऑपन दुकान पर पहुंचे। दो लड़कों ने उसको नोटों की माला और दूल्हे की टोपी दिखाने के लिए कहा। वे अलग अलग तरह के छोटे बड़े नोटों की माला दिखाने के लिए दुकानदार कन्हैया को कहते रहे। वह उन्हें अलग अलग मालाएं दिखाता रहा। इस दौरान तीसरा युवक उसके गल्ले के पास रखा नोटों का थैला लेकर वहां से चला गया। उसके बाद दोनों अन्य युवक भी चले गए।

### 40 हजार रुपये थे बैग में

दुकानदार का कहना है कि थैले में 40 हजार रुपए रखे हुए थे। दुकानदार को आशंका है कि उनमें से एक युवक एक सप्ताह पहले भी चकमा देकर उसके पास से दस दस हजार रुपए की नोटों की दो गड्डियां ले गया था। यह चोर गिरोह एक सप्ताह में 60 हजार रुपए चोरी कर चुका है। दुकानदार ने इसकी शिकायत महम शहर पुलिस चौकी में दी थी। पुलिस को युवकों की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दी थी। जिसमें वे थैले को ले जाते और चलते चलते कपड़े बदलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## 2 हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी के शिविर में सीटीओ प्रोग्राम आपदा प्रबंधन की जानकारी दी



**रोहतक।** 2 हरियाणा कन्या वाहिनी द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कैडेट्स को मैप रीडिंग , युद्ध कौशल कला का प्रशिक्षण दिया गया। लेफ्टिनेंट रेणु द्वारा आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा की आवश्यक जानकारी कैडेट्स को दी। इसके साथ ही शिविर का दौरान भावी एनसीसी अधिकारी सीटीओ के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का प्रशिक्षण भी शुरू किया गया। जिसमें उन्हें एनसीसी गतिविधि चलाने के लिए उनके कमिशन कोर्स पर जाने से पूर्व मूलभूत प्रशिक्षण दिया जाएगा। कमान अधिकारी कर्नल अमित मैथ्यू ने बताया कि शिविर में प्रत्येक कैडेट्स को हथियार प्रशिक्षण भी दिया जाएगा एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी कैडेट्स को शूटिंग का भी अवसर दिया जाएगा।



## हिंदुओं वाले बयान देने पर माफी मांगे कांग्रेस : मनीष ग्रोवर

**रोहतक।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों ने वेतनमान में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने पर पूर्व मंत्री ग्रोवर के कैंप कार्यालय में खुशी का इजहार किया। कर्मचारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मंत्री ग्रोवर के सहयोग से यह संभव हुआ है। पूर्व मंत्री ने उम्मीद जताई कि सभी कर्मचारी ईमानदारी से काम करते रहेंगे। इसके बाद पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि लोकसभा में हिंदुओं के खिलाफ बयान देने पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में देश ने दो साल तक आपातकाल का दंश झेलने, हजारों सिख भाइयों का कत्लेआम करने, जम्मू कश्मीर से हिंदुओं का पलायन होने और पूरे देश में आतंकवाद की घटनाओं जैसी घटनाओं से देश पर कलंक लगता रहा।

## समस्याओं के हल के लिए किसानों ने उप निदेशक को ज्ञापन दिया

**रोहतक।** फसल बीमा योजना में बीमित किसानों की समस्याओं और अन्य मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा रोहतक के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उप निदेशक कृषि विभाग को ज्ञापन सौंपा । प्रतिनिधिमंडल के साथ बात करते हुए उप निदेशक ने किसानों की समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। किसान सभा जिला सचिव बलवान सिंह ने बताया कि पिछले समय से लंबित बीमित किसानों को मुआवजा देने, पिछले साल डीएसआर विधि से धान लगाने वाले औ पराली का प्रबंधन करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि, रबी 2023 के लंबित बीमा क्लेम जारी करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया है। सिंह ने कहा कि उप निदेशक ने प्रतिनिधिमंडल से बात कर जल्द इनके समाधान का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा की 4 दिन में डीएसआर का पैसा किसानों के खातों में डाल दिया जाएगा। पराली प्रबंधन की सहायता राशि के लिए भी विभाग को लिखा गया है।



## साक्षी नरवाल सीडीएस में अव्वल रहकर लेफ्टिनेंट चयनित



**रोहतक।** रोहतक की साक्षी नरवाल पुत्री कर्नल राम कुमार ने संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा (2) 2023 में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम रैंक हासिल कर माता-पिता व जिला का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपनी शानदार सफलता से युवाओं को यह संदेश भी दिया है कि कड़ी मेहनत व दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। साक्षी नरवाल वर्तमान में मोहाली स्थित सेना विधि संस्थान में अंतिम वर्ष की छात्रा है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा के बाद सर्विस सिलेक्शन बोर्ड द्वारा 5 दिवसीय कठोर चयन प्रक्रिया के तहत उम्मीदवारों का चयन किया जाता है। चयनित उम्मीदवार चेन्नई में अक्टूबर माह में ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में 49 सप्ताह का सेना प्रशिक्षण लेंगे तथा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर साक्षी नरवाल को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिलेगी।

नरवाल अपने परिवार में भारतीय सशस्त्र सेना में सेवा देने वाले परिवार की तीसरी पीढ़ी की ऑफिसर होगी। उनके पिता प्रतिष्ठित विद्यालय में निदेशक तथा उनकी माता सीमा नरवाल स्टूडेंट काउंसलर के तौर पर सेवाएं दे रही हैं। साक्षी ने अपनी शिक्षा के दौरान 11 विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण की।



## राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर ग्रांट देने की मांग की

**रोहतक।** आप के छात्र संगठन सीवाईएसएस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ के नेतृत्व में मंगलवार को नगराधीश अंकित कुमार को राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की रुकी हुई ग्रांट बढ़ाकर देने को मांग की है। धनखड़ ने नगराधीश को ज्ञापन देते हुए कहा कि कुछ दिन पहले एमडीयू ने नये दाखिले लेने वाले विद्यार्थियों की लगभग पांच गुना तक फीस बढ़ा दी थी। जिसके बाद एमडीयू के कुलपति ने कहा था कि अगर फीस नहीं बढ़ाई तो हमारे पास सैलरी देने तक के पैसे की नौबत आ जाएगी। छात्र नेता दीपक ने बताया कि सरकार को सरकारी विश्वविद्यालय में अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा कम से कम शुल्क में प्राप्त करने की जिम्मेदारी से मुंह नही मोड़ना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## अभी तक 22 प्रतिशत लोगों ने अपनी प्रॉपर्टी को किया है सेल्फ सर्टिफाइड

# प्रॉपर्टी को सेल्फ सर्टिफाइड करने पर टैक्स में मिलेगी छूट

- प्रॉपर्टी आईडी में प्रॉपर्टी होल्डर का नाम, फोन नम्बर, प्रॉपटी का साइज व कैटेगरी अथवा टाइप की जानकारी होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



शहरी क्षेत्र में कोई भी प्रॉपर्टी मालिक अपनी प्रॉपटी आईडी को सेल्फ सर्टिफाइड कर सकता हैं। प्रॉपर्टी आईडी में प्रॉपर्टी होल्डर का नाम, मोबाइल नम्बर, प्रॉपटी का साइज व कैटेगरी अथवा टाइप की जानकारी होती है।

आम नागरिक अपनी प्रॉपटी को सेल्फ सर्टिफाइड करके भविष्य में अपनी प्रॉपटी का ट्रांजेक्शन आसानी से कर सकता है। इससे न केवल खरीद फरोख्त आसानी होगी बल्कि कोई आपकी प्रॉपर्टी की जानकारी भी नहीं ले सकेगा। उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त अजय कुमार ने नगर निगम अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपनी प्रॉपर्टी को सेल्फ सटिफाइड करवाता है तो वर्ष 2024-25 की अवधि के दौरान उसके प्रॉपटी टैक्स में 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। नगर निगम कार्यालय द्वारा कर्मचारियों की इस संदर्भ में डोर टू डोर वार्ड वाइज ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी घर-घर जाकर नागरिकों के प्रॉपर्टी को सेल्फ सर्टिफाइड करवाने में उनकी मदद करेंगे। कोई भी नागरिक अपने घर द्वार पर आने वाले उन कर्मचारियों के मोबाइल पर अपनी प्रॉपटी सेल्फ सटिफाइड कर सकता है। नगर निगम कार्यालय में भी आम नागरिकों की सुविधा के लिए सेल्फ सर्टिफिकेशन के लिए काउंटर बनाया गया है। यदि किसी नागरिक की प्रॉपटी सेल्फ सर्टिफाइड होने से वंचित रह जाती है तो वह नगर निगम कार्यालय में आकर यह कार्य करवा सकता है। इस अवसर पर रोहतक नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर अंकिता वर्मा, डीएमसी जितेंद्र सिंह, सैक्शन ऑफिसर कम जैड टीईओ जगबीर सिंह, टैक्स इंस्पेक्टर अमन, विनोद, रवि सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### आयुक्त ने की अपील

नगर निगम आयुक्त अजय कुमार ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा सेल्फ सर्टिफिकेशन की जो सुविधा शुरू की है उसका उपयोग करें और अपनी प्रॉपटी को सेल्फ सर्टिफाइड करवाने में नगर निगम कार्यालय की मदद करें।

**सेल्फ सर्टिफिकेशन की आवश्यकता:** नगर निगम आयुक्त ने बताया कि यदि नागरिक अपनी प्रॉपर्टी को सेल्फ सर्टिफाइड करता है तो कोई अन्य व्यक्ति ना तो उस प्रॉपटी की डिटेल देख सकता है और ना ही इस पर आपत्ति लगा सकता है। इसके लिए उसे प्रॉपर्टी के मालिक से उसके मोबाइल नम्बर पर आया हुआ ओटीपी लेना अनिवार्य होगा। प्रॉपर्टी को सेल्फ सर्टिफाइड करवाने पर प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी।

### अब तक 22 प्रतिशत सेल्फ सर्टिफाइड

नगर निगम के साथ-साथ सभी शहरी निकायों में भी प्रॉपर्टी सेल्फ सर्टिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। आज तक पूरे जिला की 22 प्रतिशत प्रॉपर्टी सेल्फ सर्टिफाईड हो चुकी है। नगर निगम रोहतक में 20 प्रतिशत प्रॉपर्टी, कलानौर में 39 प्रतिशत, महम में 35 प्रतिशत व सांपला में 28 प्रतिशत प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड करवाई जा चुकी है।